शिक्षा का अधिकार

समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

---

क्र./राशिके/पाठ्यक्रम/2025/ 1705 भोपाल, दिनांक: 07/08/25

प्रति

1. कलेक्टर ,
   समस्त जिले, म०प्र०

2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
   जिला पंचायत ,
   समस्त जिले, म०प्र०

**विषय:-** **समग्र शिक्षा अंतर्गत EQIP-LEP लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न गतिविधियों के संबंध में|**

1. समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत Learning Enhancement Program (LEP) का मध्य प्रदेश में क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के अधिगम स्तरों में सुधार, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का सुदृढ़ीकरण करना, शिक्षकों का क्षमतावर्धन तथा विद्यालयों में समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। EQIP–LEP कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु मंत्री परिषद, मध्य प्रदेश शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा EdCIL को EQIP-LEP लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम की क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। EdCIL (India) Limited, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित मिनी रत्न कंपनी है, जो शिक्षा के क्षेत्र में परामर्श, परियोजना प्रबंधन, डिजिटल समाधान, मूल्यांकन, प्रशिक्षण, आदि सेवाएं प्रदान करती है।
2. EQIP–LEP कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:
   - 2.1 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की अधिगम क्षमताओं का मूल्यांकन कर उनकी वास्तविक शैक्षणिक स्थिति की पहचान करना।
   - 2.2 विषयों जैसे गणित, विज्ञान, हिंदी और अंग्रेज़ी में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, समस्या समाधान एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना।
   - 2.3 शिक्षकों को नवाचार आधारित शैक्षणिक पद्धतियों में प्रशिक्षित कर उनके शिक्षण कौशल में सुधार करना।
   - 2.4 विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए जीवन-कौशल, STEAM शिक्षा और अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) को बढ़ावा देना।
   - 2.5 उत्कृष्ट छात्रों और विद्यालयों को राज्य स्तर पर पहचान और प्रोत्साहन देना।
3. उपरोक्त कार्यक्रम निम्नलिखित दो घटकों के अंतर्गत संचालित किया जाएगा:
   - 3.1 LEP आधारित मूल्यांकन: इसके अंतर्गत-
     - 3.1.1 कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन आयोजित किया जाकर एवं लर्निंग गेप की पहचान उपरांत उपचारात्मक शिक्षण प्रदान किया जायेगा।

07/08/25

3.1.2 लर्निंग आउटकम्स को ध्यान में रखकर गणित, विज्ञान, हिंदी एवं अंग्रेज़ी विषयों पर आधारित क्विज एवं एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किये जायेंगे। इनका उद्देश्य छात्रों की तार्किक, विश्लेषणात्मक एवं रचनात्मक क्षमताओं का आकलन करना है।

3.1.3 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र/ ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

3.1.4 छात्रों की उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देने हेतु राज्य स्तर पर पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा।

3.2 LEP आधारित गतिविधियाँ:

3.2.1 शिक्षकों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो DIET संस्थानों तथा वर्चुअल प्लेटफार्मों के माध्यम से संचालित किए जाएंगे।

3.2.2 विद्यार्थियों के लिए जीवन-कौशल, STEAM शिक्षा तथा अकादमिक सशक्तिकरण से संबंधित ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

3.2.3 मूल्यांकन के आधार पर चयनित छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण एवं एक्सपोज़र विज़िट आयोजित की जाएंगी।

3.2.4 प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ निरंतर शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

4 कार्यक्रम का क्रियान्वयन

4.1 EQIP-LEP कार्यक्रम के अंतर्गत मूल्यांकन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों की आधारभूत एवं कक्षा-स्तरीय शैक्षणिक क्षमताओं का आकलन करना है। यह मूल्यांकन शिक्षण में सुधार, लर्निंग गैप की पहचान तथा समुचित शैक्षणिक योजना निर्माण हेतु किया जाएगा। सभी जिलों के चिन्हित विद्यालयों में कक्षा 6, 7 एवं 8 के अधिकतम 40-40 छात्रों का LEP मूल्यांकन किया जाना है। चिन्हित विद्यालयों की सूची वेबसाइट www.eqip.org.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

4.2 EQIP-LEP कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के लर्निंग गैप से परिचित कराना और प्रभावी रेमेडियल शिक्षण विधियों एवं AI टूल्स के उपयोग में दक्ष बनाना है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को दक्षता आधारित शिक्षण, विद्यार्थियों की प्रगति की निगरानी तथा AI की सहायता से व्यक्तिगत एवं रुचिकर अधिगम अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम DIET के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।

4.3 विद्यालय प्रमुख यथा प्राचार्य अथवा प्रधानाध्यापक द्वारा लक्षित कक्षाओं (कक्षा 6 से 8) के सभी नामांकित विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी जिससे कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति संभव हो सके।

4.4 सभी जिलों के चिन्हित विद्यालयों से कक्षा 6, 7 एवं 8 के प्रत्येक विद्यालय से 2–3 शिक्षकों का चयन कर शिक्षक प्रशिक्षण हेतु नामांकन सुनिश्चित किया जाए। नामांकित शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सभी निर्धारित प्रशिक्षण सत्रों एवं अन्य गतिविधियों में नियमित, समयबद्ध एवं सक्रिय सहभागिता निभाएं।

4.5 उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों का कैलेंडर परिशिष्ट-1 पर संलग्न है। लॉगिन क्रेडेंशियल्स तथा संचालन से संबंधित निर्देश विद्यालयों को पृथक रूप से प्रेषित किए जाएंगे।

07/08/25

5. कार्यक्रम के आकलन उपरांत अपेक्षित परिणाम:

5.1 मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी उपलब्धियों को मान्यता दी जा सके।

5.2 राज्य एवं जिला स्तर पर चयनित टॉपर्स के लिए वैज्ञानिक भ्रमण (Scientific Excursion) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उन्हें प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों का दौरा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

5.3 विद्यालयों एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।

सभी विद्यालयों से अपेक्षा है कि वे इस कार्यक्रम को प्राथमिकता दें तथा इसे सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

संपर्क:

किसी भी अन्य प्रश्न या जानकारी के लिए कृपया support@eqip.org.in पर मेल कर समस्या का निवारण कर सकते है।

7/8/25

(हरजिंदर सिंह)
संचालक
राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल

पृ.क्र./ राशिके/पाठ्यक्रम/2025/ 1706

भोपाल, दिनांक 07/08/25

प्रतिलिपि-

1. सचिव, मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. CGM, EdCIL (India) Ltd., New Delhi की ओर सूचनार्थ।
5. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, संबंधित जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले , मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. प्राचार्य डाइट, समस्त जिले की ओर सूचनार्थ।
8. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त जिले, मध्य प्रदेश की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार वेबसाइट में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार शालाओं के प्राचार्यों/ प्रधानाध्यापकों को पत्र की प्रति उपलब्ध कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं पावती का रिकार्ड सुरक्षित करें ।

7/8/25

(हरजिंदर सिंह)
संचालक
राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल

परिशिष्ट-1

| विवरण | जानकारी एवं संभावित दिनांक |
|---|---|
| मूल्यांकन **गतिविधि हेतु:** | 1. विस्तृत जानकारी के लिए जिला स्तर पर ऑनलाइन विद्यालय प्रमुख/प्राचार्य बैठक आयोजित की जाएगी<br>2. प्रत्येक चयनित विद्यालय से कुल 120 छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा — यथासंभव कक्षा 6, 7 और 8 से 40-40 छात्रों का चयन विद्यालय प्रमुख यथा प्राचार्य अथवा प्रधानाध्यापक द्वारा किया जाए।<br>3. चयनित विद्यालयों की सूची जिला-वार विवरण के साथ वेबसाइट www.eqip.org.in पर उपलब्ध होगी।<br>4. EQIP-LEP मूल्यांकन दिनांक 18 और 19 सितंबर 2025, प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।<br>5. प्रश्न पत्र एवं OMR उत्तर पत्रक परीक्षा तिथि से पूर्व संबंधित विद्यालयों में भेज दिए जाएंगे।<br>6. EQIP–LEP मूल्यांकन बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) पर आधारित होगा।<br>7. विषय: विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेज़ी<br>8. परीक्षा का समय: 90 मिनट \| माध्यम: हिंदी व अंग्रेज़ी \| कुल प्रश्न: 60<br>9. मूल्यांकन के परिणाम अक्टूबर 2025 में घोषित किए जाएंगे। |
| **शिक्षक प्रशिक्षण गतिविधि हेतु:** | 1. शिक्षक प्रशिक्षण के लिए ज़िला परियोजना समन्वयक द्वारा कक्षा 6, 7 एवं 8 के शिक्षकों का नामांकन किया जाएगा।<br>2. प्रशिक्षण सत्र ऑफलाइन/ऑनलाइन मोड में निर्धारित DIET केन्द्रों अथवा नोडल विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।<br>3. विस्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर जिला अधिकारियों/DIET केन्द्रों के साथ साझा किया जाएगा एवं www.eqip.org.in पर भी उपलब्ध होगा।<br>4. डिजिटल प्रशिक्षण/ ट्रेनिंग सुविधा से युक्त विद्यालय चाहें तो प्रशिक्षण सत्रों में ऑनलाइन माध्यम से अपने विद्यालय परिसर से भाग ले सकते हैं। |
| **विद्यार्थियों के लिए** वेबिनार/कार्यशाला **गतिविधि हेतु:** | 1. कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्रों के लिए ऑनलाइन कार्यशालाएँ/वेबिनार विद्यालयीन समय के दौरान आयोजित की जाएंगी।<br>2. सभी कार्यशालाएँ www.eqip.org.in के "Activity Dashboard" पर आयोजित की जाएंगी, जहाँ विद्यालय अपने UDISE कोड के माध्यम से लॉगिन कर कक्षा गतिविधि के रूप में भाग ले सकते हैं।<br>3. कार्यशालाओं/सेमिनारों की तिथियों से संबंधित जानकारी पूर्व में साझा की जाएगी।<br>4. चयनित विद्यालयों को www.eqip.org.in पर "Activity Dashboard" में लॉगिन करना आवश्यक है।<br>5. विस्तृत EQIP–LEP गतिविधि कैलेंडर, विद्यालय लॉगिन क्रेडेंशियल्स एवं संचालन से संबंधित अन्य निर्देश पृथक रूप से विद्यालयों को उपयुक्त माध्यमों से भेजे जाएंगे। |

07/08/25